# ENTRANCE TEST-2024

SET

Question Booklet No.
प्रश्न- पुस्तिका क्र.

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या / No. of Printed Pages : **19**
कुल प्रश्नों की संख्या / Total No. of Questions : **120**
समय / Time : **2 घण्टे / Hours**
पूर्णांक / Total Marks : **120**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न पुस्तिका दो भाषाओं हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रश्न पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या 100 है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न पुस्तिका माँग ले
3. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रश्न पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न पुस्तिका माँग ले
6. प्रदत्त उत्तर-पत्र (ओ.एम. आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
7. कृपया उत्तर-पत्र (ओ.एम. आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम. आर. शीट) पर भी नहीं।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains 100 questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. All questions are compulsory.
4. All questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work in the pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

FAST ACADEMY ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठिते

1) निजता का अधिकार किस श्रेणी का अधिकार है?
a. समानता का अधिकार
b. स्वतंत्रता का अधिकार
c. शोषण के विरुद्ध अधिकार
d. संवैधानिक उपचारों का अधिकार

2) निम्नलिखित में से सही कथन है?
1. मौलिक अधिकार, राजनीतिक लोकतंत्र की स्थापना करते हैं
2. नीति निर्देशक तत्व सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना करते हैं
a. केवल 1. सही है
b. केवल 2. सही है
c. दोनों सही हैं
d. दोनों सही नहीं है

3) प्रस्तावना की भाषा और समवर्ती सूची का प्रावधान किस देश से लिया गया है?
a. संयुक्त राज्य अमेरिका
b. ब्रिटेन
c. दक्षिण अफ्रीका
d. ऑस्ट्रेलिया

4) भारतीय नागरिकता किस प्रकार से समाप्त हो सकती है?
a. नागरिकता का परित्याग करने से
b. किसी अन्य देश की नागरिकता स्वीकार कर लेने पर
c. सरकार द्वारा नागरिकता छीनने पर
d. उपरोक्त सभी

5) राष्ट्रीय ध्वज के बारे में सही कथन है?
1. इसमें तीन रंग होते हैं
2. इसमें सबसे ऊपर हरा रंग होता है
3. इसमें सबसे नीचे केसरिया रंग होता है
4. इसके चक्र में 24 तिलिया होती हैं
a. 1, 4 b. 1, 3, 4
c. 1, 2, 3 d. 1, 2, 3, 4

6) अंतरिक्ष में सर्वाधिक समय तक रहने का रिकॉर्ड किस रूसी अंतरिक्ष यात्री ने बनाया है?
a. ओलेग कोनोनेंक
b. क्रिस्टोफर नोलन
c. एलेक्सी नवलनी
d. फली सेम नरीमन

7) निम्नलिखित में से कौन सी समिति पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित नहीं है?
a. बलवंत राय मेहता समिति
b. जेवीपी समिति
c. एलएम सिंघवी समिति
d. पीके थुंगन समिति

1) Which category of right is Right to Privacy?
a. Right to Equality
b. Right to Freedom
c. Right Against Exploitation
d. Right to Constitutional Remedies

2) Which of the following statements is correct?
1. Fundamental rights establish political democracy
2. Directive Principles establish social and economic democracy
a. Only 1. is correct
b. Only 2. is correct
c. Both are correct
d. Both are not correct

3) The language of the Preamble and the provisions of the Concurrent List have been taken from which country?
a. United States of America
b. Britain
c. South Africa
d. Australia

4) How can Indian citizenship be terminated?
a. By Renouncing citizenship
b. On accepting citizenship of another country
c. On taking away citizenship by the government
d. All of the above

5) Which statement is correct for National Flag?
1. It has three colors
2. It has green color at the top
3. It has saffron color at the bottom
4. There are 24 spokes in its cycle.
a. 1, 4 b. 1, 3, 4
c. 1, 2, 3 d. 1, 2, 3, 4

6) The record of staying in space for the longest time has setup by which Russian astronaut?
a. Oleg Kononenko
b. Christopher Nolan
c. Alexey Navalny
d. Phali Sam Nariman

7) Which of the following committees is not related to the Panchayati Raj System?
a. Balwant Rai Mehta Committees
b. JVP Committees
c. LM Singhvi Committees
d. PK Thungan Committees

8) सिल्वर फिश, स्टार फिश और ब्रिटिल स्टार आदि का संबंध किस वर्ग से है?

a. इकाइनोडर्मेटा b. आर्थोपोडा
c. मोलस्का d. सीलेन्ट्रेटा

9) निम्नलिखित में से सही कथन है?

1. भारत का राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" है
2. भारत का राष्ट्रीय गान "वन्देमातरम" है
3. भारत का आदर्श वाक्य "सत्यमेव जयते" है
4. भारत का राष्ट्रीय पशु "बाघ" है

a. 3, 4 b. 2, 3
c. 1, 2, 3 d. 1, 2, 3, 4

10) निम्नलिखित में से सही कथन है?

1. राष्ट्रपति, अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को देता है
2. उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के त्यागपत्र की सूचना प्रधानमंत्री को देता है

a. केवल 1. सही है
b. केवल 2. सही है
c. दोनों सही हैं
d. दोनों सही नहीं है

11) माता-पिता/संरक्षक द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा प्रदान कराने, का संबंध किससे है?

a. मूल अधिकार
b. नीति निर्देशक तत्व
c. मूल कर्तव्य
d. उपरोक्त सभी

12) हाइड्रोलिक प्रेस, हाइड्रोलिक लिफ्ट एवं हाइड्रोलिक ब्रेक आदि किस सिद्धांत पर कार्य करते हैं?

a. आर्कमिडीज सिद्धांत
b. पास्कल का सिद्धांत
c. गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत
d. जड़त्व के नियम

13) मानव शरीर का सबसे व्यस्ततम अंग कौन सा है?

a. फेफड़ा b. वृक्क
c. यकृत d. हृदय

14) वृक्क में जो पथरी बनती है, वह क्या होता है?

a. कैल्शियम सल्फेट
b. मैग्नीशियम सल्फेट
c. कैल्शियम ऑक्सलेट
d. मैग्नीशियम ऑक्सलेट

15) यदि किसी व्यक्ति को भोजन में केवल दूध दिया जाए तो कौन से रोग होने की सर्वाधिक संभावना होती है?

a. रतौंधी b. एनीमिया
c. रिकेट्स d. स्कर्बी

8) Silver Fish, Star Fish and Brittle Star etc. belong to which class?

a. Echinodermata b. Arthropoda
c. Mollusca d. Coelenterata

9) Which of the following statements is correct?

1. National song of India is "Jana Gana Mana"
2. National anthem of India is "Vande Mataram".
3. The motto of India is "Satyamev Jayate"
4. The national animal of India is "Tiger".

a. 1, 2, 3 b. 1, 3, 4
c. 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

10) Which of the following statements is correct?

1. The President tenders his resignation to the Vice President
2. The Vice President informs the Prime Minister about the resignation of the President.

a. Only 1. is correct
b. Only 2. is correct
c. Both are correct
d. Both are not correct

11) Providing primary education to children 6 to 14 years age by parents/guardians is related to?

a. Fundamental Rights
b. Directive Principles
c. Fundamental Duty
d. All of the above

12) On what principle do Hydraulic Press, Hydraulic Lift and Hydraulic Brake etc. work?

a. Archimedes Principle
b. Pascal's Principle
c. Theory of Gravity
d. Law of Inertia

13) Which is the busiest organ of human body?

a. Lung b. Kidney
c. Liver d. Heart

14) What is the composition of Kidney stone?

a. Calcium Sulphate
b. Magnesium Sulphate
c. Calcium Oxalate
d. Magnesium Oxalate

15) If a person is given only milk in his diet, then which disease is most likely to occur?

a. Night blindness b. Anemia
c. Rickets d. Scurvy

16) निम्नलिखित में से सही सुमेलित नहीं है?
विज्ञान संबंधित क्षेत्र
a. एपिडेमियोलॉजी - शरीर की आंतरिक संरचना का वर्णन
b. न्यूरोलॉजी - शरीर की तंत्रिकाओं का अध्ययन
c. नेफ्रोलॉजी - किडनी विकार संबंधी जानकारी
d. एथॉलजी - प्राणियों के अचार और व्यवहार का अध्ययन

16) Which of following is not correctly matched?
Science Related Fields
a. Epidemiology - Description of the internal structure of the body
b. Neurology - Study of the body's nerves
c. Nephrology - Kidney Disorders Information
d. Ethology - Study of behavior of animals

17) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र, श्रीहरिकोटा किस राज्य में अवस्थित है?
a. तेलंगाना b. आंध्र प्रदेश
c. तमिलनाडु d. केरल

17) In which state is the ISRO's Satellite Launch Center, Sriharikota located?
a. Telangana b. Andhra Pradesh
c. Tamil Nadu d. Kerala

18) कोहरा और बादल किसके उदाहरण हैं?
a. ठोस में ठोस का विलयन
b. द्रव में द्रव का विलयन
c. गैस में ठोस का विलयन
d. गैस में द्रव का विलयन

18) Fog and Clouds are examples of what?
a. Solution of Solid in Solid
b. Solution of Liquid in Liquid
c. Solution of Solid in Gas
d. Solution of Liquid in Gas

19) सीसा संचायक सेल में किस प्रकार की रासायनिक क्रिया होती है?
a. उत्क्रमणीय
b. अनुत्क्रमणीय
c. उत्क्रमणीय और अनुत्क्रमणीय दोनों
d. इनमें से कोई नहीं

19) What type of chemical reaction takes place in a Lead Storage Cell?
a. Reversible
b. Irreversible
c. Both reversible and irreversible
d. None of these

20) भारत के आदित्य L-1 सूर्य मिशन को किस स्थान पर स्थापित किया गया है?
a. शिव शक्ति पॉइंटस
b. लैग्रेंज पॉइंट्स
c. लैंडर पॉइंटस
d. अंतरिक्ष पॉइंट्स

20) India's Aditya L-1 Sun Mission has been landed at which place?
a. Shiv Shakti Points
b. Lagrange Points
c. Lander Points
d. Space Points

21) शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों का टेस्ट करने के लिए पुलिस किसका इस्तेमाल करती है?
a. ब्रेथ एनलाइजर
b. पॉलीग्राफ
c. श्वसन मीटर
d. मेनोमीटर

21) Which equipment is used by the police to test drunk drivers?
a. Breath Analyzer
b. Polygraph
c. Respiration Meter
d. Manometer

22) भारत के गगनयान अभियान के सदस्य है?
1. प्रशांत नायर
2. अजीत कृष्णन
3. अंगद प्रताप
4. शुभांशु शुक्ला
a. 1, 2, 3 b. 1, 3, 4
c. 2, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

22) Who is a member of Gaganyaan Mission?
1. Prashant Nair
2. Ajit Krishnan
3. Angad Pratap
4. Shubhanshu Shukla
a. 1, 2, 3 b. 1, 3, 4
c. 2, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

23) छत्तीसगढ़ की सीमा किस राज्य को नहीं छूती है?
a. आंध्र प्रदेश b. उत्तर प्रदेश
c. मध्य प्रदेश d. बिहार

23) Chhattisgarh's border does not touch state?
a. Andhra Pradesh b. Uttar Pradesh
c. Madhya Pradesh d. Bihar

24) भारत में सर्वाधिक वर्षा निम्नलिखित में से किसके द्वारा होती है?
a. उत्तर पूर्वी मानसून
b. पश्चिम विक्षोभ
c. दक्षिण पश्चिम मानसून
d. एल-नीनो एवं ला-नीना

25) निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिए?

| नदी | उद्गम |
|---|---|
| ताप्ती | 1. यमुनोत्री |
| गंगा | 2. मुलताई |
| यमुना | 3. सिहावा |
| महानदी | 4. गंगोत्री |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 3, 2, 1
c. 4, 1, 2, 3 d. 2, 1, 3, 4

26) निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिए?

| खान | अयस्क |
|---|---|
| बैलाडीला | 1. मैंगनीज |
| भरवैली | 2. तांबा |
| मलाजखंड | 3. मोनोजाइट |
| मालाबार तट | 4. लौह अयस्क |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 3, 2, 1
c. 4, 1, 2, 3 d. 2, 1, 3, 4

27) लोहे और इस्पात को जंग से सुरक्षित रखने के लिए क्या किया जाता है?
1. यशदलेपन
2. केरोसिन के तेल में रखना
3. पेंट करना
4. पानी के अंदर रखना
a. 1, 2, 3 b. 1, 3
c. 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

28) लेटराइट मिट्टी के विकास के लिए कितने सेंटीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है?
a. 100 सेमी से कम
b. 200 सेंटीमीटर से अधिक
c. 100 से 200 सेंटीमीटर के बीच
d. इनमें से कोई नहीं

29) भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य है?
a. केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु
b. बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल
c. पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान
d. उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश

30) राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार पर्यावरण संतुलन के लिए कितने प्रतिशत वनो का होना आवश्यक है?
a. 33% b. 25%
c. 20% d. 50%

24) Which of the following causes maximum rainfall in India?
a. North East Monsoon
b. Western Disturbance
c. South West Monsoon
d. El Nino and La Nina

25) Match the following correctly?

| River | Origin |
|---|---|
| Tapti | 1. Yamunotri |
| Ganga | 2. Multai |
| Yamuna | 3. Sihawa |
| Mahanadi | 4. Gangotri |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 3, 2, 1
c. 4, 1, 2, 3 d. 2, 1, 3, 4

26) Match the following correctly?

| Mine | Ore |
|---|---|
| Bailadila | 1. Manganese |
| Bharvalli | 2. Copper |
| Malajkhand | 3. Monozite |
| Malabar Coast | 4. Iron Ore |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 3, 2, 1
c. 4, 1, 2, 3 d. 2, 1, 3, 4

27) What is done to protect Iron and Steel from rusting?
1. Galvanization
2. Keeping in kerosene oil
3. To paint it
4. Keep inside water
a. 1, 2, 3 b. 1, 3
c. 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

28) How many centimeters of rainfall is required for the development of laterite soil?
a. Less than 100 cm
b. More than 200 centimeters
c. Between 100 to 200 centimeters
d. None of these

29) Highest population density state in India is?
a. Kerala, Andhra Pradesh, Tamil Nadu
b. Bihar, West Bengal, Kerala
c. West Bengal, Madhya Pradesh, Rajasthan
d. Uttar Pradesh, West Bengal, Andhra Pradesh

30) As per National Forest Policy, what % of forests is necessary for environmental balance?
a. 33% b. 25%
c. 20% d. 50%

31) वसुंधरा, मंगलम, सागर सम्राट इत्यादि का संबंध किस आर्थिक क्रियाविधि से है?
a. खनिज तेल स्थल
b. औद्योगिक क्षेत्र
c. शहरों के नाम
d. बंदरगाहों के नाम

32) कल्हण की राजतरंगिणी का संबंध किस राज्य से था?
a. मध्य प्रदेश b. बिहार
c. जम्मू कश्मीर d. महाराष्ट्र

33) दक्षिण भारतीय इतिहास में पंप, पोन्न तथा रन्न किस भाषा के साहित्यकार थे?
a. तमिल b. तेलुगु
c. कन्नड़ d. मलयाली

34) परमभागवत एवं कविराज की उपाधि किस शासक ने धारण की थी?
a. चंद्रगुप्त प्रथम b. समुद्रगुप्त
c. चंद्रगुप्त द्वितीय d. स्कंदगुप्त

35) क्षपणक, अमरसिंह, घटकर्पर एवं वररूचि किस शासक के दरबार में रहते थे?
a. कनिष्क b. अशोक
c. हर्षवर्धन d. विक्रमादित्य

36) संगम काल में "पुलैयन" शब्द का संबंध किस वर्ग से था?
a. दास b. शिकारी
c. व्यापारी d. दस्तकार

37) निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिए?

| | |
|---|---|
| मूक नायक | 1. केशव चंद्र सेन |
| इंडियन मिरर | 2. मदन मोहन मालवीय |
| अभ्युदय | 3. ईश्वर चंद्र विद्यासागर |
| सोम प्रकाश | 4. भीमराव अंबेडकर |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 1, 2, 3
c. 1, 4, 1, 3 d. 4, 1, 3, 2

38) मौलिक अधिकार और आर्थिक सुधारो की मांग कांग्रेस के किस अधिवेशन में की गई थी?
a. लाहौर b. कोलकाता
c. बेलगांव d. इनमें से कोई नहीं

39) कोलाचेल की लड़ाई में ट्रावनकोर के राजा मार्तंड वर्मा ने किस कंपनी को हराया था?
a. फ्रांसीसी कंपनी
b. ईस्ट इंडिया कंपनी
c. डच ईस्ट इंडिया कंपनी
d. पुर्तगाली कंपनी

31) Vasundhara, Mangalam, Sagar Samrat etc. are related to which economic activity?
a. Mineral oil Site
b. Industrial Area
c. Names of cities
d. Names of ports

32) Kalhan's Rajatarangini was related to state?
a. Madhya Pradesh b. Bihar
c. Jammu Kashmir d. Maharashtra

33) Pampa, Ponna and Ranna were the writers of which language in South Indian history?
a. Tamil b. Telugu
c. Kannada d. Malayali

34) Which ruler held the title of Parambhagwat and Kaviraj?
a. Chandragupta I b. Samudragupta
c. Chandragupta II d. Skandagupta

35) Kshapanak, Amarsingh, Ghatkarpar and Vararuchi lived in the court of which ruler?
a. Kanishka b. Ashoka
c. Harshvardhan d. Vikramaditya

36) To which class did "Pulayan" belong in the Sangam period?
a. Slave b. Hunter
c. Trader d. Craftsman

37) Match the following correctly?

| | |
|---|---|
| Mook Nayak | 1. Keshav Chandra Sen |
| Indian Mirror | 2. Madan Mohan Malviya |
| Abhyudaya | 3. Ishwar Chandra Vidyasagar |
| Som Prakash | 4. Bhimrao Ambedkar |

a. 2, 4, 1, 3 b. 4, 1, 2, 3
c. 1, 4, 1, 3 d. 4, 1, 3, 2

38) In which session of Congress was the demand for fundamental rights and economic reforms made?
a. Lahore b. Kolkata
c. Belgaum d. None of these

39) King Marthanda Varma of Travancore defeated which company in Colachel Battle?
a. French Company
b. East India Company
c. Dutch East India Company
d. Portuguese Company

40) "यदि भगवान अस्पृश्यता को सहन करते हैं, तो मैं उन्हें कभी भगवान नहीं मानूंगा" यह कथन किसका है?
a. दयानंद सरस्वती
b. रवींद्रनाथ टैगोर
c. महात्मा गांधी
d. बाल गंगाधर तिलक

41) निम्नलिखित में से सही सुमेलित है?

| | |
|---|---|
| सार्जेंट आयोग | 1. लोक सेवा आयोग |
| ली आयोग | 2. शिक्षा |
| फ्रेजर आयोग | 3. अकाल |
| जेम्स लायल | 4. पुलिस |

a. 2, 1, 4, 3 b. 2, 1, 3, 4
c. 4, 2, 1, 3 d. 4, 1, 3, 2

42) गुरु अर्जुन देव की हत्या किसने करवाई थी?
a. जहांगीर b. अकबर
c. शाहजहां d. औरंगज़ेब

43) मुगल काल में शिकदार होता था?
a. जिले का प्रमुख अधिकारी
b. जिले का राजस्व अधिकारी
c. परगना का प्रमुख अधिकारी
d. प्रांत का प्रमुख अधिकारी

44) वायु निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?
a. यौगिक b. मिश्रण
c. तत्व d. विद्युत अपघट्य

45) भारत सरकार द्वारा सी-बैक्थॉर्न को प्रोत्साहित किया जा रहा है, इस पादप का क्या महत्व है?
1. यह मृदा क्षरण को नियंत्रित करता है तथा मरुस्थलीकरण को रोकता है
2. यह बायोडीजल का एक समृद्ध स्रोत है
3. इसमें पोषकीय मान होता है और यह उच्च तुंगता वाले ठंडे क्षेत्रों में जीवित रहने के लिए अनुकूल है
4. इसका उपयोग इमारती लकड़ी के लिए किया जाता है
a. 1, 2, 4 b. 1, 3
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

46) निम्न में से कौन कृतंक (रोडेन्ट) नहीं है?
a. गिलहरी b. चमगादड़
c. छछूंदर d. चूहा

47) टुमारोज बायोडायवर्सिटी पुस्तक के लेखक है?
a. वंदना शिवा
b. एमएस स्वामीनाथन
c. अरविंद अडिगा
d. वर्गीज कुरियन

40) “If God tolerates untouchability, I will never consider Him God” Whose statement is this?
a. Dayanand Saraswati
b. Rabindranath Tagore
c. Mahatma Gandhi
d. Bal Gangadhar Tilak

41) Which of the following is correctly matched?

| | |
|---|---|
| Sergeant Commission | 1. PSC |
| Lee Commission | 2. Education |
| Fraser Commission | 3. Famine |
| James Lyle | 4. Police |

a. 2, 1, 4, 3 b. 2, 1, 3, 4
c. 4, 2, 1, 3 d. 4, 1, 3, 2

42) Who got Guru Arjun Dev executed?
a. Jahangir b. Akbar
c. Shahjahan d. Aurangzeb

43) Wo was Shikdar in the Mughal period?
a. Chief Officer of District
b. District Revenue Officer
c. Chief Officer of Pargana
d. Chief Officer of Province

44) Air is an example of which of the following?
a. Compound b. Mixture
c. Element d. Electrolyte

45) Sea buckthorn is being promoted by the Government of India, what is the importance of this plant?
1. It controls soil erosion and prevents desertification
2. It is a rich source of biodiesel
3. It has nutritional value and is adapted to survive in high altitude cold areas
4. It is used for timber
a. 1, 2, 4 b. 1, 3
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

46) Which of the following is not a rodent?
a. Squirrel b. Bat
c. Mole d. Mice

47) Who is the author of the book Tomorrow's Biodiversity?
a. Vandana Shiva
b. MS Swaminathan
c. Arvind Adiga
d. Verghese Kurien

48) जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में भारत की कार्ययोजना में निम्नलिखित में से कौन शामिल नहीं है?
1. राष्ट्रीय सौर मिशन
2. राष्ट्रीय जल मिशन
3. अक्षय ऊर्जा मिशन
4. राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन
a. 1, 3, 4 b. 1, 2, 3
c. 1, 2, 4 d. 1, 2, 3, 4

48) Which of following is not included in India's action plan in the context of climate change?
1. National Solar Mission
2. National Water Mission
3. Renewable Energy Mission
4. National Sustainable Agriculture Mission
a. 1, 3, 4 b. 1, 2, 3
c. 1, 2, 4 d. 1, 2, 3, 4

49) निम्नलिखित में से किसका प्रयोग बायोडीजल उत्पादन के लिए किया जाता है?
1. मक्का एवं गन्ना 2. जेट्रोफा
3. पोंगैमिया 4. सूरजमुखी
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

49) Which of the following is used for biodiesel production?
1. Maize and Sugarcane 2. Jatropha
3. Pongamia 4. Sunflower
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

50) पेड़ पौधों और जीव जंतुओं में सर्वाधिक जैव विविधता किस क्षेत्र में पाई जाती है?
a. विषुवत रेखीय प्रदेश
b. मानसूनी प्रदेश
c. सवाना प्रदेश
d. शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान प्रदेश

50) In which region is maximum biodiversity found in trees, plants and animals?
a. Equatorial Region
b. Monsoon Region
c. Savanna Region
d. Temperate Grassland Region

51) कोयले की खदानों, दलदली क्षेत्रों एवं जीवाश्म ईंधनों आदि से कौन सी ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन होता है?
a. कार्बन डाइऑक्साइड
b. सल्फर डाइऑक्साइड
c. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
d. मीथेन

51) Which greenhouse gas is emitted from coal mines, marshy areas and fossil fuels etc.?
a. Carbon Dioxide
b. Sulphur Dioxide
c. Nitrogen Dioxide
d. Methane

52) सही सुमेलित कीजिये?

| | |
|---|---|
| सिडॉली प्रथा | 1. भील |
| खेहुलपाता | 2. पनिका |
| कबीरपंथी | 3. कोरकू |
| डोम प्रथा | 4. गोंड |

a. 4, 1, 2, 3 b. 3, 2, 1, 4
c. 2, 3, 1, 4 d. 3, 4, 2, 1

52) Match the following correctly?

| | |
|---|---|
| Sidoli Pratha | 1. Bhil |
| Khehulpata | 2. Panika |
| Kabirpanthi | 3. Korku |
| Dom Pratha | 4. Gond |

a. 4, 1, 2, 3 b. 3, 2, 1, 4
c. 2, 3, 1, 4 d. 3, 4, 2, 1

53) निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत पद धारण करता है?
1. केंद्रीय सिविल सेवक
2. महान्यायवादी
3. राज्यपाल
4. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
a. 2, 3 b. 1, 3, 4
c. 1, 2, 3 d. 1, 2, 3, 4

53) Who among the following holds office during the pleasure of the President?
1. Central Civil Servant
2. Attorney General
3. Governor
4. Comptroller and Auditor General
a. 2, 3 b. 1, 3, 4
c. 1, 2, 3 d. 1, 2, 3, 4

54) हाल ही में सुर्खियों में रहा "व्यास जी का तहखाना" किस शहर में स्थित है?
a. अयोध्या b. मथुरा
c. वाराणसी d. उज्जैन

54) In which city is "Vyas Ji Ka Tahkhana" located, which was in the news recently?
a. Ayodhya b. Mathura
c. Varanasi d. Ujjain

55) स्वतंत्रता के पश्यात भारत में समान नागरिक संहिता लागु करने वाला पहला राज्य कौन सा है?
a. गोवा b. सिक्किम
c. असम d. उत्तराखंड

56) धरती पर रहते हुए चिकित्सकों ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किस रोबोट की सहायता से रोबोटिक सर्जरी का सफल परीक्षण किया है?
a. माया b. मीरा
c. आशा d. नर्स

57) गुटनिरपेक्ष आंदोलन का 19वां शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया गया है?
a. कैरो, मिस्र
b. कंपाला, युगांडा
c. जकार्ता, इंडोनेशिया
d. बेलग्रेड, सर्बिआ

58) निम्नलिखित में सही कथन नहीं है?
a. G- 20 सम्मेलन की थीम "वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर" थी
b. G- 20 विकासशील और अल्प विकसित देशों का संगठन है
c. G-20 सम्मेलन 2023 का नेतृत्वकर्ता भारत था
d. G-20 सम्मेलन 2024 रियो डी जनेरियो, ब्राजील में आयोजित होगा

59) भारत रत्न के सम्बन्ध में सही कथन है?
1. यह देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है
2. इसका प्रारंभ 1952-53 में हुआ था
3. इस पुरस्कार में कोई मौद्रिक अनुदान नहीं दिया जाता है
4. संविधान की अनुच्छेद 18(1) के अनुसार, पुरस्कार प्राप्तकर्ता द्वारा अपने नाम के आगे या पीछे इसका उपाधिपुर्वक उल्लेख नहीं किया जा सकता है
a. 1, 3, 4 b. 1, 3
c. 1, 2, 4 d. 1, 2, 3, 4

60) सिल्क्यारा -बड़कोट सुरंग किस राज्य में अवस्थित है?
a. मध्य प्रदेश b. जम्मू कश्मीर
c. लद्दाख d. उत्तराखंड

61) निम्नलिखित में से सही सुमेलित नहीं है?
a. गणेश राजगोपालन - वायलिन वादक
b. राकेश चौरसिया - शहनाई
c. शंकर महादेवन - गायक
d. सेल्वा गणेश - कंजीरा वादक

62) निम्नलिखित में से कौन महारत्न कंपनी नहीं है?
a. PGCIL b. NALCO
c. PFC d. REC

55) Which is the first state to implement Uniform Civil Code in India after independence?
a. Goa b. Sikkim
c. Assam d. Uttarakhand

56) For the first time, doctors on Earth have successfully tested robotic surgery with the help of which robot on International Space Station?
a. Maya b. Meera
c. Asha d. Nurse

57) Where has the 19th summit of the Non-Aligned Movement been held?
a. Cairo, Egypt
b. Kampala, Uganda
c. Jakarta, Indonesia
d. Belgrade, Serbia

58) Which of the following is not correct?
a. The theme of the G-20 summit was "One Earth, One Family, One Future".
b. G-20 is an organization of developing and underdeveloped countries.
c. G-20 summit 2023 was led by India
d. The G-20 summit will take place in Rio de Janeiro, Brazil in 2024.

59) Which statement is correct for Bharat Ratna?
1. It is the country's highest civilian honor
2. It started in 1952-53
3. No monetary grant is given in this award
4. According to Article 18(1) of the Constitution, the recipient of the award cannot mention it as a title before or after his name.
a. 1, 3, 4 b. 1, 3
c. 1, 2, 4 d. 1, 2, 3, 4

60) The Silkyara-Barkot Tunnel is located in?
a. Madhya Pradesh b. Jammu and Kashmir
c. Ladakh d. Uttarakhand

61) Which of following is not correctly matched?
a. Ganesh Rajagopalan - Violinist
b. Rakesh Chaurasia - Shehnai
c. Shankar Mahadevan - Singer
d. Selva Ganesh - Kanjira Player

62) Following is not a Maharatna company?
a. PGCIL b. NALCO
c. PFC d. REC

63) निम्नलिखित में से सही कथन है?
1. भारत 2025 तक विश्व की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा
2. भारत 2027 तक विनिमय के आधार पर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा
a. केवल 1. सही है
b. केवल 2. सही है
c. दोनों सही हैं
d. दोनों सही नहीं है

63) Which of the following statements is correct?
1. India will become the world's 5 trillion dollar economy by 2025
2. India will become the world's third largest economy by exchange by 2027
a. Only 1. is correct
b. Only 2. is correct
c. Both are correct
d. Both are not correct

64) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे, अजय माणिकराव खानविलकर, हाल ही में किस पद पर नियुक्त किए गए है?
a. सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश
b. सीबीआई के मुख्य निदेशक
c. भारत के नए लोकपाल
d. मध्य प्रदेश के नए लोकायुक्त

64) Ajay Manikrao Khanvilkar, former Chief Justice of Madhya Pradesh High Court, has recently been appointed to which post?
a. Judge in Supreme Court
b. Chief Director of CBI
c. India's New Lokpal
d. New Lokayukta of Madhya Pradesh

65) देश की श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी वर्तमान समय में कितने प्रतिशत है?
a. 28%
b. 41%
c. 35%
d. 37%

65) What is the percentage of women's participation in country's labor force at present?
a. 28%
b. 41%
c. 35%
d. 37%

66) मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के सम्बन्ध में क्या सही है?
1. इसका प्रारंभ 13 अगस्त 2023 को किया गया था
2. इसमें युवाओं को काम सीखने के दौरान ₹8000 प्रति माह दिए जाएंगे
3. इस योजना में केवल बीपीएल परिवार के युवाओं को ही शामिल किया गया है
a. 1, 2
b. 2, 3
c. 1, 3
d. 1, 2, 3

66) What is correct regarding Mukhyamantri Sikho Kamao Yojana?
1. It was started on 13 August 2023
2. In this, the youth will be given ₹ 8000 per month during internship.
3. Only youth from BPL families have been included in this scheme.
a. 1, 2
b. 2, 3
c. 1, 3
d. 1, 2, 3

67) "हलमा परंपरा" भील जनजाति से संबंधित है, यह किस कार्य के लिए प्रसिद्ध है?
a. भील जनजाति को समाज की मुख्य धारा में से जोड़ना
b. जल संरक्षण को बढ़ावा देना
c. पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना
d. झूमिंग कृषि पर प्रतिबंध लगाना

67) "Halma tradition" is related to Bhil tribe, it is famous for which work?
a. To integrate Bhil tribe into the mainstream of society.
b. Promote water conservation
c. Promote environmental protection
d. Banning shifting cultivation

68) स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार किसको प्रदान किया गया?
a. महाराष्ट्र
b. मध्य प्रदेश
c. छत्तीसगढ़
d. तेलंगाना

68) Who was awarded the best state award in the Swachh Survekshan 2023 awards?
a. Maharashtra
b. Madhya Pradesh
c. Chhattisgarh
d. Telangana

69) भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला विश्व का किस नंबर का देश बना है?
a. प्रथम
b. द्वितीय
c. तृतीय
d. चतुर्थ

69) India has become which country in the world to make a soft landing on the Moon?
a. First
b. Second
c. Third
d. Fourth

70) निम्नलिखित में से सही कथन है?
a. विश्व बैंक के भारतीय मूल के प्रथम अध्यक्ष अजय बंगा है

b. आईएमएफ में भारत की पहली प्रबंधन निदेशक गीता गोपीनाथन हैं

c. 16वे वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं
d. बीबीसी के नए अध्यक्ष डॉ समीर शाह हैं

70) Which of the following statements is correct?
a. Ajay Banga is the first President of Indian origin of the World Bank.
b. Geeta Gopinathan is first Indian managing director at IMF.
c. Arvind Panagariya is the Chairman of the 16th Finance Commission.
d. Dr Sameer Shah is the new chairman of BBC

71) हाल ही में पद्मश्री पाने के कारण चर्चा में रहे सत्येंद्र सिंह लोहिया का संबंध किससे है?
a. स्वास्थ्य b. कला
c. खेल d. विज्ञान और प्रौद्योगिकी

71) Satyendra Singh Lohia, who was in the news recently for receiving Padma Shri, is related to?
a. Health b. Art
c. Sports d. Science and Technology

72) निम्नलिखित में से इंटरनेट के आवश्यक घटक कौन-कौन से है?
1. पर्सनल कंप्यूटर
2. वेब ब्राउज़र
3. इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर
4. मॉडेम
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

72) Which of the following are essential components of the Internet?
1. Personal Computer
2. Web Browser
3. Internet Service Provider
4. Modem
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

73) निम्नलिखित में से किस नेटवर्क का क्षेत्र विस्तार सर्वाधिक है?
a. लोकल एरिया नेटवर्क
b. मेट्रोपॉलिटन एरिया नेटवर्क
c. पर्सनल एरिया नेटवर्क
d. केंपस एरिया नेटवर्क

73) Which of the following networks has the largest coverage area?
a. Local Area Network
b. Metropolitan Area Network
c. Personal Area Network
d. Campus Area Network

74) विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में नीरज चोपड़ा को कौन सा पदक प्राप्त हुआ था?
a. स्वर्ण पदक
b. रजत पदक
c. कांस्य पदक
d. एक रजत और एक कांस्य पदक

74) Which medal did Neeraj Chopra receive in the World Athletics Championships 2023?
a. Gold Medal
b. Silver Medal
c. Bronze Medal
d. One Silver and One Bronze Medal

75) इजराइल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए चलाए गए अभियान को क्या नाम दिया गया है?
a. ऑपरेशन विजय b. ऑपरेशन सम्राट
c. ऑपरेशन गंगा d. ऑपरेशन अजय

75) What is name given to operation launched to bring back Indians stranded in Israel?
a. Operation Vijay b. Operation Samrat
c. Operation Ganga d. Operation Ajay

76) निम्नलिखित में से कंप्यूटर के प्रकार हैं?
1. अंकीय कंप्यूटर
2. अनुरूप कंप्यूटर
3. संकर कंप्यूटर
4. एटॉमिक कंप्यूटर
a. 1, 2, 3, 4 b. 1, 3
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3

76) Which of the following are types of computers?
1. Digital Computer
2. Analog Computer
3. Hybrid Computer
4. Atomic Computer
a. 1, 2, 3, 4 b. 1, 3
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3

77) वायरस का फुल फॉर्म है?
a. वाइटल इंफॉर्मेशन रीयूज अंडर सीज
b. वायरल इंफॉर्मेशन रिसोर्सेज अंडर सीज
c. वाइटल इनफॉरमेशन रीयूज अंडर सीज
d. वाइटल इंटरनेशनल रिसोर्स यूज सीज

78) प्रत्येक ईमेल अकाउंट में एक स्टोरेज एरिया होता है, जिसे कहते हैं?
a. अटैचमेंट b. हाइपरलिंक
c. मेल बॉक्स d. आईपी ऐड्रेस

79) मूल संदेश को कूट भाषा में तथा कूट भाषा को मूल संदेश में बदलने की प्रक्रिया क्रमश : कहलाती है?
a. कोडिंग एंड डिकोडिंग
b. इंक्रिप्शन एंड डिक्रिप्शन
c. फेचिंग एंड एग्जिक्यूटिंग
d. स्टोरिंग एंड एक्सट्रैक्टिंग

80) निम्नलिखित में से ई-शासन प्रणाली के लाभ हैं?
1. सरलता, दक्षता और जवाबदेहिता
2. नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा
3. सूचना तक बेहतर पहुँच
4. शासन तक विस्तारित पहुँच
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

81)आज सोमवार है. 61 दिनों के बाद, दिन होगा?
a. बुधवार b. शनिवार
c. मंगलवार d. गुरुवार

82) एक हॉल 15 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। यदि फर्श और छत के क्षेत्रफलों का योग चार दीवारों के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है, तो हॉल का आयतन है?
a. 720 b. 900
c. 1200 d. 1800

83) निम्नलिखित में से 88 से पूर्णतः विभाज्य सबसे बड़ी 4 अंकीय संख्या है?
a. 9944 b. 9768
c. 9988 d. 8888

84) 17 गेंदें 720 रु. में बेचने पर, 5 गेंदों के लागत मूल्य के बराबर हानि होती है। एक गेंद का लागत मूल्य क्या है?
a. रु. 45 b. रु. 50
c. रु. 55 d. रु. 60

77) The full form of VIRUS is?
a. Vital Information Reuse Under Siege
b. Viral Information Resources Under Siege
c. Vital Information Reuse s Under Siege
d. Vital International Resource Under Siege

78) Every email account has a storage area which is called as?
a. Attachment b. Hyperlink
c. Mail Box d. IP Address

79) The process of converting original message into code language and code language into original message is called?
a. Coding and Decoding
b. Encryption and Decryption
c. Fetching and Executing
d. Storing and Extracting

80) Which of the following are benefits of e-governance system?
1. Simplicity, Efficiency and Accountability
2. Quality service to citizens
3. Better access to information
4. Expanded access to governance
a. 1, 2, 4 b. 2, 3, 4
c. 1, 3, 4 d. 1, 2, 3, 4

81) Today is Monday. After 61 days, it will be?
a. Wednesday b. Saturday
c. Tuesday d. Thursday

82) A hall is 15 m long and 12 m broad. If the sum of the areas of the floor and the ceiling is equal to the sum of the areas of four walls, the volume of the hall is?
a. 720 b. 900
c. 1200 d. 1800

83) Which is largest 4 digit number exactly divisible by 88?
a. 9944 b. 9768
c. 9988 d. 8888

84) On selling 17 balls at Rs. 720, there is a loss equal to the cost price of 5 balls. The cost price of a ball is?
a. Rs. 45 b. Rs. 50
c. Rs. 55 d. Rs. 60

85) एक दीवार के सहारे टिकी हुई सीढ़ी का उन्नयन कोण 60° है और सीढ़ी का पाद दीवार से 4.6 मीटर दूर स्थित है। सीढ़ी की लंबाई क्या होगी?

a. 2.3 मी b. 4.6 मी
c. 7.8 मी d. 9.2 मी

86) रीना ने 1200 रुपये का ऋण साधारण ब्याज दर पर लिया, जिसमे ब्याज दर और उसे चुकाने की अवधि (वर्षों में) एक समान है। यदि उसने ऋण अवधि के अंत में ब्याज के रूप में 432 रुपये का भुगतान किया है, तब ब्याज की दर क्या थी?

a. 3.6 b. 6
c. 18 d. 7.2

87) सबसे बड़ी संभावित लंबाई जिसका उपयोग सटीक रूप से लंबाई 7 मीटर, 3 मीटर 85 सेमी, 12 मीटर 95 सेमी मापने के लिए किया जा सकता है?

a. 15 सेमी b. 25 सेमी
c. 35 सेमी d. 42 सेमी

88) 10 कुर्सियों की कीमत 4 मेजों के बराबर है। 15 कुर्सियों और 2 मेजों का कुल मूल्य रु. 4000 है। तब 12 कुर्सियों और 3 मेजों की कुल कीमत क्या होगी?

a. रु. 3500 b. रु. 3750
c. रु. 3840 d. रु. 3900

89) शांत पानी में एक नाव की गति 15 किमी/घंटा है और धारा की गति 3 किमी/घंटा है। 12 मिनट में धारा की अनुकूल दिशा में तय की गई दूरी क्या होगी?

a. 1.2 किमी b. 1.8 कि.मी
c. 2.4 किमी d. 3.6 कि.मी

90) निम्नलिखित में से असंगत को पहचानिये?
396, 462, 572, 427, 671, 264

a. 427 b. 396
c. 671 d. 264

91) यदि कोई व्यक्ति 10 किमी/घंटा की बजाय 14 किमी/घंटा की गति से चले, तो वह 20 किमी अधिक चलता सकता है। उसके द्वारा तय की गई वास्तविक दूरी क्या होगी?

a. 50 किमी b. 56 कि.मी
c. 70 किमी d. 80 कि.मी

92) A, B और C एक काम को क्रमशः 20, 30 और 60 दिनों में कर सकते हैं। यदि A को हर तीसरे दिन B और C द्वारा सहायता मिलती है, तो A कितने दिनों में वह कार्य कर सकता है?

a. 12 दिन b. 15 दिन
c. 16 दिन d. 18 दिन

85) The angle of elevation of a ladder leaning against a wall is 60° and foot of the ladder is 4.6 m away from the wall. The length of ladder is:

a. 2.3m b. 4.6m
c. 7.8m d. 9.2m

86) Reena took a loan of Rs. 1200 with simple interest for as many years as the rate of interest. If she paid Rs. 432 as interest at the end of the loan period, what was the rate of interest?

a. 3.6 b. 6
c. 18 d. 7.2

87) The greatest possible length which can be used to measure exactly the lengths 7 m, 3 m 85 cm, 12 m 95 cm is?

a. 15 cm b. 25 cm
c. 35 cm d. 42 cm

88) The price of 10 chairs is equal to that of 4 tables. The price of 15 chairs and 2 tables together is Rs. 4000. The total price of 12 chairs and 3 tables will be?

a. Rs. 3500 b. Rs. 3750
c. Rs. 3840 d. Rs. 3900

89) The speed of a boat in still water in 15 km/hr and the rate of current is 3 km/hr. The distance travelled downstream in 12 minutes is:

a. 1.2 km b. 1.8 km
c. 2.4 km d. 3.6 km

90) Find the odd one out.
396, 462, 572, 427, 671, 264

a. 396 b. 427
c. 671 d. 264

91) If a person walks at 14 km/hr instead of 10 km/hr, he would have walked 20 km more. The actual distance travelled by him is:

a. 50 km b. 56 km
c. 70 km d. 80 km

92) A, B and C can do a piece of work in 20, 30 and 60 days respectively. In how many days can A do the work if he is assisted by B and C on every third day?

a. 12 days b. 15 days
c. 16 days d. 18 days

93) प्रत्येक 3 वर्ष के अंतराल पर जन्मे 5 बच्चों की आयु का योग 50 वर्ष है। इनमे से सबसे छोटे बच्चे की उम्र क्या होगी?

a. 4 वर्ष b. 8 साल
c. 10 वर्ष d. इसमें से कोई नहीं

93) The sum of ages of 5 children born at the intervals of 3 years each is 50 years. What is the age of the youngest child?

a. 4 years b. 8 years
c. 10 years d. None of these

94) 3:40 पर, घड़ी की घंटे की सुई और मिनट की सुई द्वारा क्या कोण बनता है?

a. 120° b. 125°
c. 130° d. 135°

94) At 3:40, the hour hand and the minute hand of a clock form an angle of?

a. 120° b. 125°
c. 130° d. 135°

95) 'LEADING' शब्द के अक्षरों को कितने अलग-अलग तरीकों से इस तरह व्यवस्थित किया जा सकता है कि स्वर हमेशा एक साथ आएं?

a. 360 b. 480
c. 720 d. 5040

95) In how many different ways can the letters of the word 'LEADING' be arranged in such a way that the vowels always come together?

a. 360 b. 480
c. 720 d. 5040

96) दो अंकों की संख्या और उसके अंकों के स्थान को बदलने से प्राप्त नवीन संख्या के बीच का अंतर 36 है। तब उस संख्या के दोनों अंकों के बीच का अंतर क्या होगा?

a. 3 b. 4
c. 9 d. 10

96) The difference between a two-digit number and the number obtained by interchanging the positions of its digits is 36. What is the difference between the two digits of that number?

a. 3 b. 4
c. 9 d. 10

97) जब 0.232323... को भिन्न में परिवर्तित किया जाता है, तो परिणाम क्या होता है?

a. 1/5 b. 2/9
c. 23/99 d. 23/100

97) When 0.232323..... is converted into a fraction, then the result is?

a. 1/5 b. 2/9
c. 23/99 d. 23/100

98) 60 लीटर के मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 2:1 है। यदि इस अनुपात को 1:2 करना हो, तो इसमें और मिलाए जाने वाले पानी की मात्रा क्या होगी?

a. 20 लीटर b. 30 लीटर
c. 40 लीटर d. 60 लीटर

98) In a mixture 60 litres, the ratio of milk and water 2 : 1. If this ratio is to be 1 : 2, then the quantity of water to be further added is?

a. 20 litres b. 30 litres
c. 40 litres d. 60 litres

99) एक नल एक टंकी को 6 घंटे में भर सकता है। आधा टैंक भरने के बाद, इसी तरह के तीन और नल खोले जाते हैं। तब टैंक को पूरी तरह भरने में लगा कुल समय कितना लगेगा?

a. 3 घंटे 15 मिनट b. 3 घंटे 45 मिनट
c. 4 घंटे d. 4 घंटे 15 मिनट

99) A tap can fill a tank in 6 hours. After half the tank is filled, three more similar taps are opened. What is the total time taken to fill the tank completely?

a. 3 hrs 15 min b. 3 hrs 45 min
c. 4 hrs d. 4 hrs 15 min

100) एक बैग में 2 लाल, 3 हरी और 2 नीली गेंदें हैं। दो गेंदें यादृच्छिक रूप से निकाली जाती हैं। इसकी क्या प्रायिकता है कि निकाली गई कोई भी गेंद नीली नहीं है?

a. 10/21 b. 11/21
c. 2/7 d. 5/7

100) A bag contains 2 red, 3 green and 2 blue balls. Two balls are drawn at random. What is the probability that none of the balls drawn is blue?

a. 10/21 b. 11/21
c. 2/7 d. 5/7

101) बैठक में विचार किए जाने वाले व्यवसाय या विषयों की सूची क्या कहलाती है?


a. अनुसूची b. समय सारणी
c. कार्यसूची d. योजना

102) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द दूसरों से संबंधित नहीं है?

a. तेंदुआ b. चीता
c. हाथी d. शेर

103) उत्तर आकृतियों में से उस एक आकृति का चयन कीजिये जो, समस्या आकृतियों द्वारा स्थापित श्रृंखला को जारी रखेगी।


समस्या चित्र: उत्तर चित्र:



(A) (B) (C) (D) (E) (1) (2) (3) (4)


a. 1 b. 2
c. 3 d. 4

104) निम्नलिखित में से वह विकल्प चुनें जो दिए गए संयोजन की दर्पण छवि से काफी मिलता-जुलता हो।




a. 1 b. 2
c. 3 d. 4

105) वह बॉक्स चुनें जो कागज की दी गई शीट (X) से बने बॉक्स के समान है।




a. केवल 2 b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3 d. केवल 1, 2, 3 और 4

106) इस श्रृंखला को देखें:
80, 10, 70, 15, 60, ...
इसके अनुसार अगला कौन सा नंबर आना चाहिए?

a. 20 b. 25
c. 30 d. 50

107) जिस तरह व्यायाम के लिये जिम है, ठीक उसी तरह भोजन के लिये?

a. उपवास b. परहेज़
c. फिटनेस d. भोजनालय

101) List of the business or subjects to be considered at a meeting is called?

a. Schedule b. Timetable
c. Agenda d. Plan

102) Which word does not belong with the others?

a. Leopard b. Cheetah
c. Elephant d. Lion

103) Select a figure from amongst the Answer Figures which will continue the same series as established by the Problem Figures.


Problem Figures: Answer Figures:



(A) (B) (C) (D) (E) (1) (2) (3) (4)


a. 1 b. 2
c. 3 d. 4

104) Choose the alternative which is closely resembles the mirror image of the given combination.




a. 1 b. 2
c. 3 d. 4

105) Choose the box that is similar to the box formed from the given sheet of paper (X).




a. 2 only b. 2 and 3 only
c. 1 and 3 only d. 1, 2, 3 and 4 only

106) Look at this series:
80, 10, 70, 15, 60, ...
What number should come next?

a. 20 b. 25
c. 30 d. 50

107) Exercise is to gym as eating is to?

a. Fasting b. Dieting
c. Fitness d. Restaurant

108) एक अनौपचारिक सभा तब होती है, जब लोगों का एक समूह यदाकदा, आरामदेह तरीके से इकट्ठा होता है। नीचे दी गई स्थितियों में से अनौपचारिक सभा का सबसे अच्छा उदाहरण है?
a. पुस्तक क्लब की बैठक हर महीने के पहली गुरुवार को शाम को होती है।
b. अपने प्रमोशन के बारे में पता चलने के बाद, राहुल और कुछ सहकर्मियों ने काम के बाद जल्दी से डिनर के लिए बाहर जाने का फैसला किया।
c. मनीषा ने अपनी बहन की गोद भराई के लिए 25 निमंत्रण भेजे हैं।
d. चेतना जब भी साउथ इंडियन रेस्टोरेंट में खाना खाती हैं तो पारस भी उसके साथ होता हैं।

109) सप्ताहांत पर, श्री जैन अपने सब्जी और फूलों के बगीचों में काम करते हुए कई घंटे बिताते हैं। श्रीमती जैन अपना खाली समय शास्त्रीय संगीत पढ़ने और सुनने में बिताती हैं। मिस्टर और मिसेज जैन दोनों को खाना बनाना पसंद है।
वह कथन को ज्ञात कीजिए ,जो दी गई जानकारी के अनुसार सत्य होना चाहिए।
a. श्री जैन को सब्जियाँ लगाना और उगाना अच्छा लगता है।
b. श्री जैन को शास्त्रीय संगीत पसंद नहीं है।
c. श्री जैन जो सब्जियाँ उगाते हैं, उन्हें श्रीमती जैन पकाती हैं।
d. श्रीमती जैन को उन्नीसवीं सदी के उपन्यास पढ़ना अच्छा लगता है।

110) यदि विधायिका कृषि सब्सिडी कार्यक्रम और लघु व्यवसाय ऋण कार्यक्रम को वित्तपोषित करने का निर्णय लेती है, तो वे किन दो अन्य कार्यक्रमों को वित्तपोषित कर सकते हैं?
a. सड़क निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
b. अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और संगीत कार्यक्रम
c. बांध निर्माण और व्यापार मेले
d. संगीत समारोह और खनन

111) कथन: बच्चे को 5 या उसके आसपास की उम्र में स्कूल भेजना वांछनीय है।
धारणाएँ:
1. उस उम्र में बच्चा विकास के उचित स्तर तक पहुँच जाता है और सीखने के लिए तैयार हो जाता है।
2. स्कूल छह वर्ष की आयु के बाद बच्चों को प्रवेश नहीं देते हैं।
a. केवल धारणा I निहित है
b. केवल धारणा II निहित है
c. या तो I या II अंतर्निहित है
d. न तो I और न ही II अंतर्निहित है

108) An Informal Gathering occurs when a group of people get together in a casual, relaxed manner. Which situation below is the best example of an Informal Gathering?
a. The book club meets on the first Thursday evening of every month.
b. After finding out about his promotion, Rahul and a few coworkers decide to go out for a quick dinner after work.
c. Manisha sends out 25 invitations for the baby shower she is giving for her sister.
d. Whenever Chetna eats at the South Indian restaurant, she is joined by Paras.

109) On weekends, Mr. Jain spends many hours working in his vegetable and flower gardens. Mrs. Jain spends her free time reading and listening to classical music. Both Mr. and Mrs. Jain like to cook.
Find the statement that must be true according to the given information.
a. Mr. Jain enjoys planting and growing vegetables.
b. Mr. Jain does not like classical music.
c. Mrs. Jain cooks the vegetables that Mr. Jain grows.
d. Mrs. Jain enjoys reading nineteenth century novels.

110) If the legislature decides to fund the agricultural subsidy program and the small business loan program, what two other programs could they fund?
a. Road Construction and International Airport
b. International Airport and Music Program
c. Dam Construction and Business Fairs
d. Music Festival and Mining

111) Statement: It is desirable to put the child in school at the age of 5 or so.
Assumptions:
1. At that age the child reaches appropriate level of development and is ready to learn.
2. The schools do not admit children after six years of age.
a. Only assumption I is implicit
b. Only assumption II is implicit
c. Either I or II is implicit
d. Neither I nor II is implicit

112) कथन: एक दिवसीय क्रिकेट मैच में, एक टीम द्वारा बनाए गए कुल रन 200 थे। इनमें से 160 रन स्पिनरों द्वारा बनाए गए थे।
निष्कर्ष:
1. टीम में 80% स्पिनर हैं.
2. शुरुआती बल्लेबाज स्पिनर थे.
a. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
b. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
c. या तो I या II अनुसरण करता है
d. न तो I और न ही II अनुसरण करता है

112) Statements: In a one day cricket match, the total runs made by a team were 200. Out of these 160 runs were made by spinners.
Conclusions:
1. 80% of the team consists of spinners.
2. The opening batsmen were spinners.
a. Only conclusion I follows
b. Only conclusion II follows
c. Either I or II follows
d. Neither I nor II follows

113) BCD, DED, FGF, HIH, __________.
a. HJH b. JKJ
c. JHJ d. IJI

113) BCD, DED, FGF, HIH, __________.
a. HJH b. JKJ
c. JHJ d. IJI

114) गिटार में होना आवश्यक है?
a. बैंड b. अध्यापक
c. गीत d. तार

114) What is necessary in the Guitar?
a. Band b. Teacher
c. Songs d. Strings

115) 1. तान्या एकता से बड़ी हैं।
2. कुणाल तान्या से बड़ा है।
3. एकता कुणाल से बड़ी हैं.
यदि पहले दो कथन सत्य हैं, तो तीसरा कथन क्या होगा
a. सत्य
b. असत्य
c. अनिश्चित
d. या तो सत्य या असत्य

115) 1. Tanya is older than Ekta.
2. Kunal is older than Tanya.
3. Ekta is older than Kunal.
If the first two statements are true, the third statement is
a. True
b. False
c. Uncertain
d. Either True or False

116) भारत में महिलाओं का भविष्य काफी उज्ज्वल है और हमें आशा करनी चाहिए कि वे इस अवसर पर आगे बढ़कर अपनी क्षमताओं को उचित ठहराएंगी। नेपोलियन सही था जब उसने घोषणा की कि महिलाओं को शिक्षित करके हम पूरे राष्ट्र को शिक्षित कर सकते हैं। क्योंकि कोई भी देश अपनी 50% आबादी के योगदान के बिना कभी आगे नहीं बढ़ सकता।

यह परिच्छेद इस कथन का सर्वोत्तम समर्थन करता है कि:

a. भारत महिलाओं की मुक्ति के लिए अथक प्रयास कर रहा है।
b. सभी महिलाओं को अच्छी तरह से शिक्षित होना चाहिए।
c. कोई राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है जब महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और अवसर दिए जाएं।
d. महिलाओं को अपनी योग्यता साबित करने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने की पूर्ण स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

116) The future of women in India is quite bright and let us hope that they will justify their abilities by rising to the occasion. Napoleon was right when he declared that by educating the women we can educate the whole nation. Because a country can never rise without the contribution of 50% of their population.

The passage best supports the statement that:

a. India is striving hard for the emancipation of women.
b. All women should be well educated.
c. A nation can progress only when women are given equal rights and opportunities as men.
d. Women ought to be imparted full freedom to prove their worth and contribute to the progress of the nation.

117) आप पार्क में घूमने जाते हैं। और आप देखते हैं कि एक व्यक्ति पर पेड़ गिर जाता है, इस स्थिति में आप क्या करेंगे?
a. बिना किसी झंझट में पड़कर सीधे पार्क से वापस चले जाएंगे
b. जल्दी से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपडेट कर देंगे
c. आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगेंगे
d. एंबुलेंस और पुलिस को घटना के बारे में सूचित करेंगे

117)You go for a walk in the park. And you see that a tree falls on a person, what will you do in this situation?
a. Will go straight back from the park without any hassle
b. Will make a video quickly and update it on social media
c. Will ask for help from people around
d. Will inform the ambulance and police about the incident

118) आप एक होटल में खाना खाने जाते हैं। और बुजुर्ग मालिक भूल बस आपको ज्यादा पैसे वापस कर देता है इस स्थिति में आप क्या करेंगे
a. जल्दी से होटल से बाहर चले जाएंगे
b. होटल मालिक को स्थिति की जानकारी दे देंगे
c. अपने दोस्तों को बताएंगे ताकि वही भी इसका फायदा उठा पाए
d. नियमित रूप से आकर उनका फायदा उठाएंगे

118) You go to eat at a hotel. And the old owner just returns the extra money to you by mistake. What will you do in this situation?
a. Will leave the hotel quickly
b. Will inform the hotel owner about the situation
c. Will tell my friends so that they can also benefit from it
d. Will come regularly and take advantage of them

119) आपका दोस्त आपका मित्र इंस्टाग्राम पर एक लड़की के नाम की फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से चैटिंग करता है और आपको पता चल जाता है तो आप इस स्थिति में क्या करेंगे
a. दोस्त से अपने कुछ दोस्तों से चैटिंग करने का बोलेंगे
b. उस आईडी का पासवर्ड लेकर आप भी चैटिंग करेंगे
c. दोस्त को समझाएंगे कि वह इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहे
d. पुलिस प्रशासन को उसके कृत्य के बारे में सूचित करेंगे

119) Your friend creates a fake profile in the name of a girl on Instagram and is chatting with people and if you come to know about it, what will you do in this situation?
a. Ask your friend to chat with some of your friends
b. You will also start chatting by taking the password of that ID.
c. Will explain to the friend that he should stay away from such activities
d. Will inform the police administration about his actions

120) आप होली के दिन बाजार घूमने जाते हैं पर देखते हैं कि कुछ युवक एक युवती को जबरदस्ती रंग लगा रहे हैं इस स्थिति में आप क्या करेंगे
a. आप भी रंग लगाने में शामिल हो जाएंगे
b. कुछ नहीं करेंगे
c. युवती की मदद के लिए आगे जाएंगे
d. पुलिस को फोन कर अपने रास्ते चले जाएंगे

120) You go to the market on Holi but see that some young men are forcefully applying colors on a girl. What will you do in this situation?
a. You will also join in the coloring
b. Will not do anything
c. Will go ahead to help the girl
d. Call the police and go on your way